# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई से तैयार की गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की पहली खेप को आज हरी झंडी दिखाई। विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली का निर्माण करने वाली ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ की नई इंटीग्रेशन एंड टेस्ट सुविधा से यह खेप तैयार की है। यह अत्याधुनिक यूनिट 11 मई को उद्घाटन के बाद पूरी तरह से संचालन में आई थी।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता और पूरे देश के लिए गौरव का दिन है। लखनऊ अब डिफेंस सेक्टर में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने साबित किया है कि जीत अब हमारी आदत बन चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि दुनिया ने भारत की ताकत को स्वीकार किया है। अब देश पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पाकिस्तान का हर इंच ब्रह्मोस की रेंज में आता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तो बस एक ट्रेलर था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि लखनऊ अब रक्षा उद्योग का नया केंद्र बन रहा है, और यह कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

**********

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गोरखपुर के सरदारनगर ब्लाक के ग्राम डुमरी खुर्द में आयोजित चौपाल में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किसानों को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से धान और गेहूं के साथ ही पशुपालन, बागवानी और एकीकृत कृषि प्रणाली को भी अपनाने की अपील की। केंद्रीय कृषि मंत्री देवरिया में आयोजित 'किसान मेले' में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में हम लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहें हैं।

**मोदी जी के नेतृत्व का कमाल है कि अन्न के भंडार भरे है 2014 से 25 के बीच हमारा उत्पादन 40 प्रसेंट बढ़ गया है, धन धान्य से भरपूर है हमारा देश अन्न के भंडार हमारे भरे हुए है 80 करोड़ भारतीयों को निशुल्क राशन देने का चमत्कार कोई कर रहा है तो दुनिया में हिन्दुस्तान कर रहा है और वो किसानों के मेहनत के बल पर कर रहा है।**

**********

जीएसटी सुधार से पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में लखनऊ की नीति वर्मा ने जीएसटी पर दी गयी छूट पर अपने विचार साझा किए।

**मैं नीति वर्मा त्योहारों के मौसम के शुरूआत के साथ ही हाल में ही जीएसटी दरों में कटौती के कारण भारतीय बाजारों में उत्साह है। यह बहुत अच्छा सरकार ने किया इससे चीजों के दाम कम हो गये हैं इस मौके पर जीएसटी का कम होना लोगो में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। चीजें सस्ती हो गयी है लोगों को खरीददारी करने में बहुत आसानी हो रही हैं इस सरकार के फैसले के लिए मैं बहुत–बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं।**

**********

प्रदेश भर में आज धनतेरस का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस शुभ दिन पर, लोग भगवान धन्वंतरि, भगवान कुबेर और देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं। बाजारों में खूब रौनक है। बड़ी संख्या में लोग कपड़े, बर्तन, आभूषण और इलेक्ट्रानिक्स सामान खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

**********

अयोध्या में दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। एक रिपोर्ट–

**सज और संवर रही अयोध्या कल पूरे विश्व को आस्था श्रद्धा और धर्म का संदेश देगी,फूलों और विद्युत झालरों से अयोध्या गमकेगी भी और चमकेगी भी, कल दीपोत्सव पर निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए 21 झांकियां आकार ले चुकी है,जो रामायण प्रसंगों और केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ ही अयोध्या के विकास की झलकियां दिखाएगी,राम की पैड़ी के साथ ही 56 घाटों पर बिछाये जा रहे 29 लाख दीपों में 80: दीपक बिछाये जा चुके हैं, तो आरती का पूर्व अभ्यास भी किया जा चुका है,दीपोत्सव अपने ही पूर्व रिकॉर्ड को तोड़कर तीन नए कीर्तिमान पुनः स्थापित करेगी,इस बीच संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों के साथ राजपत्रित अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

वाराणसी में आज सुबह से ही 'मां अन्नपूर्णा देवी' के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। साल में सिर्फ एक बार मां के गर्भगृह के पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोले जाते हैं। आज तड़के सुबह 5 बजे मंगला आरती के साथ जैसे ही द्वार खुले, मंदिर परिसर माता के जयघोष से गूंज उठा। देश के कोने–कोने से आए श्रद्धालु कतार में लगकर मां के दर्शन कर रहे हैं। 'धनतेरस' से 'अन्नकूट पर्व' तक यानी पांच दिनों तक मां के दर्शन का विशेष अवसर रहेगा। इस दौरान सुबह से रात तक पूजा और दर्शन का क्रम लगातार चलता रहेगा।

**********